# कक्षा आठवीं, विषय हिंदी ( द्वितीय भाषा )

## पाठ - 2 पिंजरे का शेर

| 1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिए गए शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें। | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ਫੁਸਫੁਸਾਹਟ | फुसफुसाहट | 4 | ਨੀਂਹ | नींव |
| 2 | ਸੂਤਰ | सूत्र | 5 | ਵਚਿੱਤਰ | विचित्र |
| 3 | ਸਾਮਰਾਜ | साम्राज्य | 6 | ਪੁਰਸਕਾਰ | पुरस्कार |

***********

| 2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें। | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ਕੀਮਤੀ | बहुमूल्य | 6 | ਬਿਨਾਂ ਅੱਖ ਝਮਕੇ | अपलक |
| 2 | ਮੌਤ ਦੀ ਸਜ਼ਾ | मृत्युदंड | 7 | ਹੋਂਦ | अस्तित्व |
| 3 | ਕਦਮ | डग | 8 | ਸ਼ੋਰ | कोलाहल |
| 4 | ਨਿਡਰ | निर्भीक | 9 | ਨਿਰੀਖਣ | निरीक्षण |
| 5 | ਚੁਪਚਾਂ | सन्नाटा | 10 | ਮਜ਼ਬੂਤ | सुदृढ़ |

******

| 3. शब्दार्थ | | |
|---|---|---|
| 1 | दूत | हरकारा, एक जगह से दूसरी जगह चिट्ठी-पत्र, संदेश आदि पहुँचाने वाला। |
| 2 | निरीक्षण | ग़ौर से देखना, मुआइना करना |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | फुसफुसाहट | बहुत धीमी आवाज़ में बोलना |
| 4 | सीसा | एक प्रसिद्ध मूल धातु जिसकी चादरें, गोलियाँ आदि बनती हैं। |

**********

### 3. उपयुक्त शब्द भरकर वाक्य पूरे करें :-

1. मगध राज्य सबसे शक्तिशाली समझा जाता था।

2. पिंजरे को खोले या तोड़े बग़ैर शेर को पिंजरे से बाहर निकालना है।

3. नौकरों ने पिंजरे के चारों ओर आग लगा दी।

4. पिंजरे का शेर पिघल कर धरती पर फैल गया।

*******

### 5. एक-दो वाक्यों में प्रश्नों के उत्तर दें।

**प्रश्न 1 :- महापद्म नंद के दरबार में किस देश के राजदूत आए थे ?**

उत्तर :- महापद्म नंद के दरबार में रोम देश के राजदूत आए थे।

**प्रश्न 2 :- रोम के राजदूत मगध के सम्राट के लिए क्या लाये ?**

उत्तर :- रोम के राजदूत मगध के सम्राट के लिए पिंजरे में बन्द शेर उपहार में लाये।

**प्रश्न 3 :- सम्राट महापद्म नंद के मंत्री का क्या नाम था ?**

उत्तर :- सम्राट महापद्म नंद के मंत्री का नाम शकटार था।

**प्रश्न 4 :- शेर किस धातु से बना था ?**

उत्तर :- शेर सीसा धातु से बना था।

**प्रश्न 5 :- शेर को पिंजरे से निकालने वाला किशोर बड़ा होकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ ?**

उत्तर :- शेर को पिंजरे से निकालने वाला किशोर बड़ा होकर सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के नाम से प्रसिद्ध हुआ ।

**प्रश्न 6 :- पिंजरा किस धातु से बना था ?**

उत्तर :-   पिंजरा लोहे की धातु से बना था।

**********

## 6. चार-पाँच वाक्यों में प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्रश्न 1 :- रोम के राजदूत ने पिंजरे के शेर को बाहर निकालने की क्या शर्तें बतायीं ?

उत्तर :- रोम के राजदूत ने पिंजरे के शेर को बाहर निकालने की शर्तें बतायीं :-

1. शेर को निकालने के लिए न पिंजरा खोल सकते हैं।

2. शेर को निकालने के लिए न पिंजरा काट सकते हैं।

3. पिंजरे को खोले या तोड़े बगैर ही शेर को पिंजरे से बाहर निकालना है।

प्रश्न 2 :- पिंजरे के शेर के चारों ओर आग लगती  देख सभा में सन्नाटा क्यों छा गया ?

उत्तर :- पिंजरे के शेर के चारों ओर आग लगती देख सभा में सन्नाटा इसलिए छा गया क्योंकि सभा में मौजूद सभी लोग हैरानी से यह देख रहें थें कि शेर पिंजरे से बाहर कैसे निकलेगा ?

प्रश्न 3 :- चन्द्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को कैसे बाहर निकाला ?

उत्तर :- चन्द्रगुप्त ने पिंजरे के चारों ओर आग लगा दी। शेर सीसा धातु का बना हुआ था। आग की गर्मी से शेर पिघलने लगा। सीसा धातु का बना पिंजरे का शेर पिघलकर धरती पर फैल गया। इस तरह चन्द्रगुप्त ने शेर को पिंजरे से बाहर निकाल दिया।

******************

| 7. लिंग बदलो | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्राट - सम्राज्ञी | 4 | शेर - शेरनी |
| 2 | महाराज - महारानी | 5 | नौकर - नौकरानी |
| 3 | किशोर - किशोरी | 6 | राजा - रानी |

*******

| 8. वचन बदलो | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पिंजरा - पिंजरे | 4 | सभा - सभाएँ |
| 2 | मूर्ति - मूर्तियाँ | 5 | यह - ये |
| 3 | बूँद - बूँदें | 6 | मन्दिर - मन्दिरों |

***********

| 9. विपरीतार्थक शब्द लिखें। | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराना - नया | 3 | अनेक - एक |
| 2 | असफल - सफल | 4 | धरती - आकाश |

***********

| 10. शुद्ध करके लिखें। | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | शकतीशाली - शक्तिशाली | 4 | बहूमूलय - बहुमूल्य |
| 2 | घोषना - घोषणा | 5 | पुरसकार - पुरस्कार |
| 3 | सूदरिढ़ - सुदृढ़ | 6 | मरितयु - मृत्यु |

*******

प्रश्न -11. उचित विराम चिह्न लगाओ।

क) किशोर ने मुस्कुराते हुए कहा वह देखिए महामंत्री

उत्तर :- किशोर ने मुस्कुराते हुए कहा, "वह देखिए , महामंत्री।"

ख ) शेर को कौन बाहर निकाल सकता है सहसा सम्राट ने गुस्से में कहा

उत्तर :- " शेर को कौन बाहर निकाल सकता है ?" सहसा सम्राट ने गुस्से में कहा।

ग ) किशोर ने सिर झुकाकर कहा महाराज शेर पिंजरे से बाहर आ गया है

उत्तर :- किशोर ने सिर झुकाकर कहा, "महाराज ! शेर पिंजरे से बाहर आ गया है।"

***********

| 12. शब्द के आगे लिखो, यह कौन सी संज्ञा है | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शब्द | | संज्ञा | शब्द | | संज्ञा |
| 1 | शेर | जातिवाचक संज्ञा | 6 | शकटार | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| 2 | लज्जा | भाववाचक संज्ञा | 7 | गुस्सा | भाववाचक संज्ञा |
| 3 | गर्मी | भाववाचक संज्ञा | 8 | दूत | जातिवाचक संज्ञा |
| 4 | किशोर | जातिवाचक संज्ञा | 9 | मन्दिर | जातिवाचक संज्ञा |
| 5 | पानी | जातिवाचक संज्ञा | *************** | | |

******

## 13. नीचे दी गई जातिवाचक संज्ञा से संबंधित व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखें :-

1.राज्य ( जातिवाचक संज्ञा )

मगध पंजाब

2. राजा ( जातिवाचक संज्ञा )

सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य सम्राट अशोक

3. लड़का ( जातिवाचक संज्ञा )

मोहन गौरव

4. देश ( जातिवाचक संज्ञा )

भारत अमेरिका

*********

| सौजन्य :- सुनीता चोपड़ा | मार्गदर्शक व सहयोगी :- हरीश नागपाल |
|---|---|
| हिंदी शिक्षिका | ज़िला रिसोर्स पर्सन हिंदी |
| स. क. सी. से. स्मार्ट स्कूल खुर्दपुर, जालंधर। | हिंदी शिक्षक,सरकारी हाई स्कूल निज्जरां, जालंधर। |